तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 16 डिग्री


हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार 17 नवंबर 2024

कुरूद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

11 गुणवत्ताहीन कार्य पर होगी सख्त कार्रवाई : प्रिया गोयल



12 गांव में अवैध रेत उत्खनन, अवैध शराब रोकने जनप्रतिनिधि ...



### आरक्षक भर्ती प्रक्रिया में बुलाए गए 500 युवा, शामिल हुए 180

# गड़बड़ी रोकने वाला कम्प्यूटरीकृत सिस्टम ही फेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

आरक्षक भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी रोकने के लिए जिस हाईटेक सिस्टम का उपयोग किया जा रहा है, वही गड़बड़ है। पहले दिन कई युवाओं की मेजरमेंट में गड़बड़ी आई। हालांकि इन युवाओं को फिर से मौका दिया गया। पुलिस अधीक्षक स्वयं बैठकर इस समस्या का हल निकाल रहे थे। पहले दिन भर्ती प्रक्रिया में 500 युवाओं को बुलाया गया था लेकिन सिर्फ 180 युवा आए। इसमें भी कई रिजेक्ट हो गए हैं।

पुलिस लाइन में रायपुर रेंज के रिक्त 108 आरक्षक पद के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई। इस प्रक्रिया में पूरी तरह से पारदर्शिता बरती जा रही है। इसी उद्देश्य से भर्ती कम्प्यूटरीकृत सिस्टम की मदद से की जा रही है। दौड़ में अभ्यर्थियों के मेजरमेंट के लिए सभी के पैरों में चिप लगा हुआ बेल्ट पहनाया गया था। इसी बेल्ट की मदद से उनका रन टाइम काउंट किया गया। इसके अतिरिक्त युवाओं का क्यूआर कोड वाला टैग भी पहनाया गया था। युवाओं का चेस्ट मैपिंग, हाइट और फ्लैट फुट नी का मेजरमेंट भी मशीनों से किया गया। पहला दिन होने के कारण इस सिस्टम में कई प्रकार की समस्याएं आई। कई युवाओं ने फिटनेस मेजरमेंट त्रुटि की शिकायत की, जिसके बाद उन्हें दोबारा मौका दिया गया। पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय खुद दूसरी बार के मेजरमेंट के दौरान उपस्थित थे। फिटनेस जांच में 100 मीटर दौड़, 800 मीटर दौड़, गोला फेंक, लंबी कूद, उंची कूद कराया गया।





#### युवाओं को हुई परेशानी

भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने आए अमित टंडन, हरिराम वर्मा सहित अन्य युवाओं ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया में विलंब के कारण उन्हें काफी परेशानी उठानी पड़ी। सुबह 6 बजे से भर्ती प्रक्रिया के लिए वे मैदान पर उपस्थित हो गए। दोपहर 3 बजे तक पहले बैच की फिटनेस जांच कम्पलीट नहीं हो पाई थी। मशीनों में लगातार आ रही तकनीकी समस्याओं के चलते भर्ती प्रक्रिया में काफी समय लगा। उन्होंने बताया कि भर्ती प्रक्रिया सुबह 6 बजे की बजाय दोपहर 11 बजे शुरू की गई।

#### नहीं मिलेगा दोबारा मौका

भर्ती प्रक्रिया के पहले दिन 500 युवाओं को बुलाया गया था। इसमें से सिर्फ 180 युवा ही इस प्रक्रिया में शामिल हुए। जो 320 युवा नहीं पहुंचे, उन्हें दोबारा मौका नहीं दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि संभाग स्तर यह भर्ती प्रक्रिया विभिन्न जिलों में चल रही है। कई युवाओं ने विभिन्न संभागों में आरक्षक भर्ती के लिए आवेदन किया है। एक साथ भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने का लेटर मिलने के कारण कई युवा इसमें शामिल नहीं हो पाए हैं। भर्ती प्रक्रिया पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय एवं भर्ती कमेटी के सदस्यों की उपस्थिति में हो रही है।

## सर्वर और छुट्टियों ने बढ़ाई किसानों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- एक दिन हुई खरीदी, तीन दिन बंद, टोकन भी नहीं कट रहा

कभी सर्वर डाउन, तो कभी छुट्टी के चलते किसानों की समस्या बढ़ गई है। टोकन के लिए उनका इंतजार खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। किसान धान की कटाई मिंजाई के बाद टोकन का इंतजार रहे हैं। उधर खरीदी की स्थिति भी डांवाडोल है। शुभारंभ के नाम पर 14 नवंबर को धान खरीदी की गई। इसके बाद से खरीदी बंद है, जो सोमवार को शुरू होगी।

शासन ने निर्धारित तिथि से धान खरीदी तो शुरू कर दी है। 14 नवंबर को पूजा पाठ कर खरीदी शुरू की, लेकिन खरीदी सिर्फ एक दिन ही चला। इसके बाद छुट्टियों के चलते खरीदी बंद है। शुक्रवार को गुरूनानक जयंती की और उसके बाद शनिवार पड़ने के कारण खरीदी बंद रही। आज रविवार के कारण खरीदी बंद है।



खरीदी शुरू होने से उत्साहित किसान धान बेचने के लिए तैयार बैठे हैं, लेकिन छुट्टियों के चलते वे धान नहीं बेच पा रहे हैं। किसानों ने बताया कि उनके पास धान स्टोर करने की जगह नहीं है। कटाई मिंजाई के बाद ब्यारा और खेत में रखकर धान की रखवाली कर रहे हैं। यदि उनका धान बिक जाता तो उन्हें राहत मिलती। यही नहीं धान की रखवाली छोड़कर वे आगामी रबी फसल की तैयारी करते।

#### नहीं मिल रहा टोकन

किसानों की सबसे बड़ी समस्या टोकन की है। इस साल शासन ने शत प्रतिशत ऑनलाइन टोकन अनिवार्य कर दिया है। ऑनलाइन टोकन से लिमिट भी हटा ली गई है। किसान मोबाइल से ही टोकन कटवा सकते हैं। यही ऑनलाइन की सुविधा किसानों के लिए मुसीबत बन गई है। सर्वरडाउन के चलते टोकन नहीं काटने में काफी परेशानी हो रही है। यही नहीं छुट्टी के दिन ऑनलाइन टोकन जारी नहीं हो रहा है। यही कारण है कि किसानों को टोकन नहीं मिल रहा है। उल्लेखनीय है अधिकांश खरीदी केंद्रों में 25 नवंबर तक के लिए टोकन कट चुका है। टोकन तुंहर हाथ एप में आगे की तिथि नहीं खुल रही है, जिसके चलते भी किसान परेशान हैं।

#### साढ़े 65 हजार क्विंटल की खरीदी

सिर्फ एक दिन ही धान की खरीदी हुई है। जिले की सभी 100 समितियों में कुल मिलाकर 65 हजार 548.80 क्विंटल धान की खरीदी हुई है। सबसे ज्यादा खरीदी धमतरी शाखा में 11 हजार 824 क्विंटल हुई है। इसके बाद मगरलोड खरीदी केंद्र में 10 हजार 44 क्विंटल, संबलपुर खरीदी केंद्र में 7 हजार 56 क्विंटल, नगरी शाखा में 6 हजार 576 क्विंटल, कोर्रा शाखा में 6 हजार 530 क्विंटल, करेली शाखा में 3 हजार 132 क्विंटल, दरबा शाखा में 4 हजार 88 क्विंटल, नारी शाखा में 2 हजार 284 क्विंटल और मरौद शाखा में 3 हजार 446 क्विंटल धान की खरीदी हुई है।

#### च्वाइस सेंटर का चक्कर

शासन ने किसानों को मोबाइल से टोकन कटवाने के लिए ऑनलाइन टोकन की सुविधा दी है। यह एप भी काफी आसान है। केवल पंजीयन के बाद ही सीधे किसान टोकन कटवा सकते हैं विडंबना यह है कि कई किसान एंड्राइड फोन का उपयोग नहीं करते हैं। वहीं कई किसान एंड्राइड फोन तो चलाते हैं, इसके बाद भी उन्हें टोकन तुंहर हाथ एप को इंस्टाल करना या आपरेट करना नहीं आ रहा है। इसके चलते वे मोबाइल से टोकन नहीं कटवा पा रहे हैं और टोकन के लिए च्वाइस सेंटर का चक्कर लगा रहे हैं।

## निषाद समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ निषाद समाज का राज्यस्तरीय युवक-युवती एवं विधवा विधुर परिचय सम्मेलन तथा आदर्श विवाह का आयोजन 17 नवंबर को ग्राम फुंडहर खेल मैदान रायपुर में किया गया है। प्रातः 8 बजे आदर्श विवाह एवं सुबह 10 बजे परिचय सम्मेलन होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री होंगे। अध्यक्षता कुंवर सिंह निषाद प्रदेश अध्यक्ष निषाद समाज व एमआर निषाद प्रदेश अध्यक्ष मछुआ महासंघ करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि लक्ष्मी राजवाड़े महिला एवं बाल विकास मंत्री, मोतीलाल साहू विधायक रायपुर ग्रामीण, नेहरू राम निषाद अध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग होंगे। जिलाध्यक्ष चंदूलाल निषाद, उपाध्यक्ष हरकराम निषाद, महासचिव नारायण लाल निषाद, मीडिया प्रभारी पवन निषाद ने समाजजनों से सम्मेलन में भाग लेने की अपील की है।

## पांच दिन में तीन डिग्री तापमान गिरने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नवंबर माह का पखवाड़ा बीतने के बाद तापमान में क्रमिक गिरावट आने की संभावना है। आगामी पांच दिनों में प्रदेश में दो से तीन डिग्री तापमान गिर सकता है।

मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक पश्चिमी विक्षोभ मध्यम क्षोभमंडलीय पश्चिमी हवाओं में एक द्रोणिका के रूप में 32 अंश उत्तरी अक्षांस के उत्तर में 71 अंश पूर्वी देशांतर के साथ औसत समुद्र तल से 5.8 किमी ऊपर स्थित है। शनिवार को प्रदेश में सर्वाधिक तापमान सुकमा जिले में 32.9 डिग्री मापा गया है, वहीं सबसे कम तापमान अंबिकापुर में 10.1 डिग्री रहा। मौसम वैज्ञानिक अलबर्ट मिंज ने बताया कि प्रदेश में मौसम के शुष्क रहने की संभावना है। जिले में अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा।

## पाठक सूचना

धमतरी जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768, 9098324969




### रांकाडीह सरपंच पर पूर्व सरपंच समेत अनेक ग्रामीणों ने अनियमितता बरतने का लगाया था आरोप

# सरपंच को हाईकोर्ट से मिला स्टे आर्डर, पद पर बनी रहेंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

कुछ ग्रामीणों ने मधुबन मेला महोत्सव में सरपंच खेमलता अनिल साहू पर अनियमितता बरतने और अपने पद, सील का दुरुपयोग कर राशि आहरण करने का आरोप लगाया था। एसडीएम ने पंचायत राज अधिनियम के तहत धारा 40 लगाकर 23 अक्टूबर को बर्खास्त कर दिया। इसके बाद पीड़िता सरपंच खेमलता साहू ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। 13 नवम्बर को हाईकोर्ट ने स्थगन आदेश जारी कर सरपंच पद पर बने रहने का आदेश दिया है। सरपंच खेमलता साहू ने लिखित में बताया कि पूर्व सरपंच, उपसरपंच व कुछ ग्रामीणों ने व्यक्तिगत द्वेष और ईर्ष्या रखते हुए शिकायत की थी। हाईकोर्ट ने मधुबन मेला महोत्सव की रसीद बुक को आधार मानकर सरपंच को पदमुक्त किया था जबकि उस रसीद बुक में सरपंच की न सील मुहर है न ही हस्ताक्षर है। रसीद में केवल उपसरपंच रांकाडीह का हस्ताक्षर है। उन्होंने बताया कि मधुबन मेला के आय व्यय की जानकारी ग्राम विकास समिति के पदाधिकारियों को दी जा चुकी है। सरपंच की छबि धूमिल हुई है। सरपंच ने हाईकोर्ट में अपील की। न्यायालय से उन्हें न्याय मिला। सरपंच को हाईकोर्ट से स्टे आर्डर मिला। अग्रिम आदेश तक खेमलता साहू सरपंच पद पर बनी रहेगी।



ज्ञात हो कि पूर्व सरपंच भोजराम साहू, अरुण कंवर, अश्वनी साहू, रमेश साहू, विजय साहू ने सरपंच खेमलता साहू पर मधुबन मेला की राशि का आहरण करने और सरपंच पद का दुरुपयोग करने आरोप लगाया था। जनपद स्तर पर जांच की गई। राजनीतिक दबाव के चलते जांच रिपोर्ट सरपंच के खिलाफ बनाई गई। इसके बाद एसडीएम ने सरपंच को बर्खास्त कर दिया। हाईकोर्ट में अपील करने के बाद सरपंच को स्टे आर्डर मिला।

# भगवान कृष्ण यादव समाज के ही नहीं अपितु सब के इष्टदेव : अंबिका

- विधायक ने गोवर्धनभाठा कर्णेश्वर धाम में शेड के लिए 10 लाख देने की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

सर्व यादव समाज सिहावा नगरी के तत्वावधान में कार्तिक पूर्णिमा पर सिहावा कर्णेश्वर धाम में गोवर्धन पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। यादव बन्धुओं ने अपने इष्टदेव भगवान कृष्ण एवं गोवर्धन पूजा की। इसके बाद अपनी पारंपरिक वेशभूषा में यादव बंधुओं ने राउत नाचा व सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सिहावा विधायक अंबिका मरकाम थीं। अध्यक्षता नंदकुमार यादव अध्यक्ष सर्व यादव समाज सिहावा नगरी ने की। मंच को संबोधित करते हुए विधायक अंबिका मरकाम ने कहा कि भगवान कृष्ण यादव समाज के ही नहीं अपितु हम सब के इष्ट देव हैं जिन्होंने हमें गीता के सार को समझाया। अपने जीवन में गीता को अगर हम उतारते हैं तो हमें किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। उन्होंने समाज की मांग पर गोवर्धन भाठा स्थल पर शेड निर्माण हेतु विधायक निधि से दस लाख रुपए देने की घोषणा की।




मौके पर जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष भानेंद्र सिंह ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भूषण साहू, विकल गुप्ता, जनपद पंचायत अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम, उपाध्यक्ष हुमित लिमजा, सचिन भंसाली, पेमन स्वर्णबेर, महेंद्र धेनु, शैलेंद्र धेनु, मयंक ध्रुव, महेंद्र नेताम, जीवन, श्री संचेती समेत समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डीके यादव ने किया।

# बिरसा जल, जंगल, जमीन की लड़ाई लड़ने वाले आदिवासी जननायक थे : उमेश देव

- सर्व आदिवासी समाज ने मनाई बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

सर्व आदिवासी समाज तहसील शाखा नगरी द्वारा देश के आदिवासी क्रांतिकारी बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती सर्व आदिवासी भवन सिहावा रोड गुढ़ियारी तालाब के पास नगरी में मनाई गई। इस अवसर पर सामाजिक जनों ने बिरसा मुंडा के तैल चित्र की पूजा अर्चना की ।

इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष उमेश देव ने कहा के बिरसा मुंडा जल, जंगल, जमीन की लड़ाई लड़ने वाले महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व आदिवासी जन नायक थे। हल्बा समाज अध्यक्ष आरएल देव ने कहा कि बिरसा मुंडा भारत के महान जननायक व क्रांति के सूर्य थे,जिन्होंने भारत की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। ध्रुव गोंड़ समाज के महासचिव नरेश छेदैहा ने कहा कि बिरसा मुंडा भारतीय इतिहास में सूर्य के समान अलौकिक, प्रतिभावान महानायक और परमवीर थे। पूर्व जनपद सदस्य दलगंजन सिंह मरकाम ने कहा कि बिरसा मुंडा तीर कमान के दम पर अंग्रेजों से लड़ने वाले और उन्हें हराने वाले वीर क्रांतिकारी थे।




इस अवसर पर सचिव पूरन नेताम, डा किशोर सोम, कुंज बिहारी देव, श्रीराम ध्रुव, हेमलाल मरकाम, हीरा सिंह मरकाम, संत नेताम, कुमार मरकाम उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सुरेश ध्रुव ने किया।


# आदिवासियों ने सदैव देश के लिए बलिदान दिया : ध्रुव

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

- आदिवासी समाज ने बिरसा मुंडा को किया याद

आदिवासी भवन केनाल रोड कुरूद में बिरसा मुंडा की जयंती पर आदिवासी समाज ने उन्हें याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान मुख्य अतिथि अजजा शासकीय सेवक विकास संघ छग के प्रांताध्यक्ष आरएन ध्रुव ने बिरसा मुंडा की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आदिवासी गोंडियन समाज कल्पनाओं से परे हटकर वास्तविकता की पूजा करते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि देवतुल्य मानकर प्रकृति की पूजा करने वाले, पहाड़ों की पूजा करने वाले, पेड़-पौधों की पूजा करने वाले, नदी नालों की पूजा करने वाले आदिवासी समाज के गौरवशाली अलिखित आध्यात्मिक अतीत को आज भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा याद करने का जो कार्यक्रम शुरू किया है, निःसंदेह मानव समाज के लिए एक प्रेरणा का कार्य करेगा। अन्याय के खिलाफ राष्ट्र की रक्षा, धर्म की रक्षा हेतु सदैव देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर बिरसा मुंडा, वीरांगना महारानी दुर्गावती, शहीद वीर नारायण सिंह, वीर गुंडाधूर, महाराजा शंकर शाह, रघुनाथ शाह जैसे अनेक आदिवासी शूरमाओं को आज इन कार्यक्रमों के माध्यम से हम सबको पुनः याद कर देश हित में उनके पग चिन्हों पर चलने का अवसर मिला है। इस अवसर पर ललित ठाकुर अध्यक्ष तहसील कुरूद, तामेश्वर ठाकुर मगरलोड, फलेन ध्रुव , झागेश्वर ध्रुव, संतोष सोरी, बसंत ध्रुव, लाकेश्वर नेताम, राधेश्याम मांडवी, श्याम सुंदर मरकाम, रवि राज ध्रुव ,अलख ध्रुव, कमलेश मांडवी, रामायण ध्रुव, विष्णु ध्रुव, बालमुकुंद नेताम सहित सैकड़ों सामाजिक बंधु उपस्थित थे। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन संतोष सोरी ने किया।



# चिंवरी उपार्जन केंद्र में धान खरीदी का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति चिंवरी के उपार्जन केंद्र प्रांगण में पूजा-अर्चना कर धान खरीदी का शुभारंभ किया गया। अतिथि सिर्री के पूर्व सरपंच सौहेंद्रसिंह गुरुदत्ता, चिंवरी सोसाइटी के पूर्व अध्यक्ष बसंत साहू, चिंवरी सोसाइटी प्रबंधक चंद्रहास साहू, दिलीप साहू कलेक्टर प्रतिनिधि, पूर्णिमा साहू कलेक्टर प्रतिनिधि, गुल्फीराम साहू, शोभाराम पटेल, नेकराम पटेल, खुमान साहू पूर्व अध्यक्ष, रामखिलावन साहू, सुरेन्द्र साहू सरपंच प्रतिनिधि संकरी, गणेश तारक, गज्जू साहू थे। शाखा प्रबंधक चंद्रहास साहू ने बताया कि पहले दिन किसानों का 18 सौ 88 क्विंटल धान खरीदा गया। 4 किसानों के धान को नमी होने के कारण वापस भेजा गया।

# जनपद अध्यक्ष शारदा ने कचना, मड़ेली एवं जीजामगांव में धान खरीदी का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

जनपद अध्यक्ष शारदा साहू ने धान उपार्जन केंद्र कचना, मड़ेली एवं जीजामगांव में धान खरीदी का शुभारंभ किया। धान की खरीदी 31 जनवरी 2025 तक की जायेगी। खरीदी केंद्रों में तौल हेतु इलेक्ट्रानिक कांटा-बांट की व्यवस्था की गई है । श्रीमती शारदा साहू ने किसानों से आग्रह करते हुए कहा कि वे उपार्जन केंद्र में सूखे हुए ही धान लाकर विक्रय करें।

इस अवसर पर श्रीमती सुलोचना माहिलगे सरपंच, प्रीतम सिंह साहू, देवचरण चंद्राकर, चैतन्यगिरी सरपंच सरबदा, माखान लाल चंद्राकर, युवलाल चेलक, भोजराज सोन,अरूण साहू, शुभम दास, जीवराखन चंद्राकर, कृषि विस्तार अधिकारी जितेन्द्र सोनकर, प्रभारी समिति प्रबंधक जामगव सेवक राम साहू, श्याम लाल साहू, लिपिक यशवंत साहू, दिलीप चेलक, होरी लाल पटेल, बंशीलाल निषाद समिति प्रबंधक कचना, कमलेश साहू, समिति प्रबंधक चोवराम टंडन, पवन निर्मलकर, खेमराज साहू, प्रहलाद टंडन, लक्ष्मीनारायण साहू सरपंच सहित तीनों उपार्जन केंद्र के आश्रित ग्राम के किसान उपस्थित थे।



# रामपुर स्कूल में बाल दिवस पर हुई कई स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ⏭बगदेही(धमतरी)

शाउमावि रामपुर में बाल दिवस, बाल मेला उत्सव का आयोजन किया गया। प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला, उमावि रामपुर ने एकसाथ बाल मेला उत्सव मनाया। इस समारोह में प्राथमिक, माध्यमिक, हायर सेकेंडरी स्कूल के चारों हाऊस सत्यम शिवम सुंदरम मधुरम हाउस के बच्चों द्वारा स्टाल प्रतियोगिता एवं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों द्वारा 100 मीटर, रिले रेस, त्रिटेंगी दौड़, स्लो सायकल दौड़, जलेबी दौड़, गोली चम्मच दौड़, कुर्सी दौड़, रस्साकसी, मटका फोड़, सांखली, बिंदी लगाओ प्रतियोगिता हुई। बच्चों द्वारा कुल 30 स्टाल लगाए गए थे। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। बाल मेला में राउत नाचा, मड़ाई प्रदर्शन, मार्चपास्ट, पीटी ड्रिल प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य आरके बघेल थे। विशिष्ट अतिथि प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक कमललाल सार्वा, नवीन प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक भेषज साहू, माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक गोपाल राम साहू थे।



इस अवसर पर शिक्षकगण आरके टंडन, एचके साहू, केके वर्मा, बीके निषाद, जेके साहू, डीके साहू, डीके साहू, जीके साहू, एस.अग्रवाल, पी. शर्मा, एस. साहू, जे. ध्रुव, एल. सोन, एम. ठाकुर समेत छात्र छात्राएं मौजूद थे। प्राचार्य आरके बघेल ने आभार व्यक्त किया।

### दसवीं और बारहवीं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को राशि देने की हुई घोषणा

# बेलौदी स्कूल में बाल मेला, विज्ञान मॉडल की लगी प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

हायर सेकेण्डरी बेलौदी में नेहरू जयंती पर बाल-मेला सह विज्ञान मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विरेन्द्र साहू शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष थे। अध्यक्षता उमेंदराम साहू शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष ने की। विशिष्ट अतिथि कृष्ण कुमार पाल सरपंच, श्रीमती लीलेश्वरी पाल जनपद सदस्य, लक्ष्मीनारायण साहू, परस साहू, कौशल प्रधान उद्यानिकी प्रभारी रांकाडीह, काशीराम साहू, उपसरपंच थे।

इस अवसर पर बच्चों ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इसके बाद विज्ञान मॉडल का प्रदर्शन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता भी हुई। कौशल प्रधान ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु बाल-मेला का आयोजन महत्वपूर्ण है। यह बच्चों के लिए यह मिल का पत्थर साबित होगा। उमेंद साहू ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है।



इस दौरान कृष्ण कुमार पाल ने दसवीं और बारहवीं कक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वालों को 500 रुपये प्रदान करने की घोषणा की। शाला व्याख्याता एसके साहू ने बच्चों से विज्ञान मॉडल और उसके द्वारा वैज्ञानिक सोच उत्पन्न करने बात कही। कार्यक्रम का संचालन और आभार प्रदर्शन शाला के प्राचार्य अशोक पटेल और डोमेश्वर ध्रुव ने किया। प्राचार्य ने बाल मेला और विज्ञान मॉडल प्रर्दशनी पर अपने विचार रखे। मौके पर परमानंद साहू, भगवत साहू, रिपु साहू, उमेश साहू, घनश्याम साहू, प्यारी साहू, दीवान पाल, गोपी पाल, शिक्षक वीडी ठाकुर, टीआर साहू, एसआर ध्रुव, एनपी साहू, पी कंवर, जेके साहू,एके कश्यप, एस सैनिक, एच कंवर, टीके साहू,एल निषाद, एम साहू सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### प्राशा भैंसमुंडी में हुआ न्योता भोज

**सिर्री।** बाल दिवस पर नवीन प्राथमिक शाला भैंसमुंडी के बच्चों के लिए लखनलाल साहू, मानिक साहू, मोहन साहू, एवन साहू, शिवकुमार साहू द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी के बच्चों ने भी न्योता भोज का लुत्फ लिया। मौके पर शिक्षकगण, सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

गुप्त व यौन रोग कमजोरी
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336

## अंचल की खबरें

### कार्तिक पूर्णिमा पर बच्चों ने किया आंवला भोज



**सांकरा।** ग्राम खम्हरिया में बच्चों द्वारा कार्तिक पूर्णिमा पर आंवला भोज की व्यवस्था की गई। इस दौरान आंवा पेड़ की पूजा-अर्चना की गई। बच्चों ने खीर पूड़ी का आनंद लिया। मौके पर सुनील साहू, हेमंत नाग, पूर्णेन्द्र साहू, केशव नाग, पायल, शीतल, रिंकी, हेमलता, वासु, स्नेहा, वर्षा, आरती, देववती, आयुषी, खुशी, जमुना, रितेश्वरी, सुप्रिया, लवीना, तामेश्वरी, टिकेश्वरी, मंजु, वनिका, जीविका, मधुरिमा, खुशबू उपस्थित थे।

### शिविर में 65 लोगों की हुई स्वास्थ्य जांच



**मगरलोड।** स्वास्थ्य विभाग पिरामल फाउंडेशन के सहयोग से ग्राम परसट्ठी के साहू भवन में सहभागी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सीएचओ, आरएचओ,एएनएम, सरपंच टोमन लाल साहू, सचिव रामनारायण साहू, रोजगार सहायक, आंगनवाड़ी वर्कर और मितानिन का सहयोग रहा। शिविर में कुल 65 लोगों की टीबी, शुगर, और बीपी की जांच की गई। 34 लोगों के बलगम के सैंपल एक साथ दिए गए। पिरामल टीम के प्रोग्रामर लीडर समेत अन्य प्रतिनिधियों ने बताया कि टीबी मुक्त पंचायत पहल का मुख्य उद्देश्य टीबी से मुक्ति पाना, उनका सही इलाज करना और समुदाय को टीबी से मुक्त कराना है। सचिव रामनारायण साहू ने आभार व्यक्त किया।

### पहले दिन 39 किसानों ने 1825 क्विंटल धान बेचा




**पुरी।** छाती समिति में 14 नवंबर से समर्थन मूल्य में धान की खरीदी प्रारंभ हुई। समिति प्रबंधक नरेंद्र साहू ने बताया कि पहले दिन 39 किसानों ने 1825 क्विंटल धान की बिक्री की। छाती समिति में कुल 1694 किसानों ने धान बिक्री हेतु पंजीयन कराया है। प्रतिदिन की लिमिट 1837 क्विंटल है। कृषकों द्वारा भगवान बलराम की पूजा-अर्चना कर धान खरीदी की शुरुआत की गई। मौके पर ग्राम के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, हमाल, रेजा, मजदूर, संबंधित विभाग के अधिकारी, पूर्व संचालक मंडल के सदस्य उपस्थित थे।

### सांकरा में धान खरीदी का हुआ शुभारंभ



**नगरी।** धान खरीदी केंद्र सांकरा में 40 किलो धान खरीदकर कार्यक्रम का शुभारंभ रवि दुबे, कुमेश पटेल, सुलोचना साहू जनपद सदस्य, शशि ध्रुव सरपंच, सती मरकाम, पारस साहू उपसरपंच, गिरवर भंडारी अध्यक्ष ग्राम व्यवस्था समिति सांकरा, पवन साहू, राजू पटेल, जन्मेजय साहू, साधु राम साहू की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान नगरी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विभोर अग्रवाल ने धान खरीदी केंद्र सांकरा का जायजा लिया। इस अवसर पर नेमीचंद देव सीईओ सहकारिता विभाग, नोडल अधिकारी डॉ अमित नागेश, आकाश निर्मलकर कृषि विस्तार अधिकारी सांकरा, जीवन साहू प्रबंधक, किशोर मरकाम फड़ प्रभारी, रत्ना कौशल आपरेटर, नारायण पुजारी, सावेश मरकाम, पोरेन्दर श्रीमाली सहित बड़ी संख्या में सांकरा क्षेत्र के कृषक उपस्थित थे।

### शिक्षा की गुणवत्ता पर हुई समीक्षा बैठक



**मगरलोड।** माध्यमिक शाला बेलोरा में शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि के लिए संकुल प्राचार्य, प्रधान पाठक प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला, एसएमडीसी, एसएमसी जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में नोडल अधिकारी संकुल प्राचार्य कुमेंद्र साहू एवं संकुल समन्वयक रुपेश शर्मा ने कई बिंदुओं पर शिक्षकों, एमसी एसएमडीसी के सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों से की चर्चा की। स्वतंत्र लेखन साधारण गणित पठन-पाठन, पुस्तक वाचन पर चर्चा, जाति प्रमाण पत्र, टीएलएम का उपयोग, स्मार्ट टीवी का प्रयोग, माता का उन्मुखीकरण उपचारात्मक शिक्षण समावेशी शिक्षा उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम आदि पर समीक्षा की गई। मौके पर एसएमसी एसएमडीसी सदस्य चेतन साहू, अध्यक्ष नेमसिंग ध्रुव, टिकेश्वरी सिन्हा, वीणा साहू ,चम्पा साहू, घसिया साहू, शालाओं के प्रधानपाठक देवेश कुमार, डीके डहरे, शैलेन्द्री नेताम, दीपरानी, इंदु ध्रुव, झुमुक साहू, ऋषि कुमार पटेल, शिवकुमार, रेखा साहू, बसन्ती सिन्हा व्याख्याता उर्मिला ध्रुव, श्री नवरंगे उपस्थित थे।

### सामूहिक डांस में नवकिरण डांस ग्रुप ने बाजी मारी

- उमरगांव में देवउठनी एकादशी पर हुई डांस प्रतियोगिता

**नगरी।** ग्राम उमरगांव में देवउठनी एकादशी पर नव युवा समिति द्वारा अंतरराज्यीय डांस प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया था जिसमें दूर-दूर से पहुंचे प्रतिभागियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। सामूहिक डांस में प्रथम नवकिरण डांस ग्रुप तर्रागोंदी, द्वितीय स्वरागिनी डांस ग्रुप रतनपुर, तृतीय नृत्य डांस ग्रुप दुर्ग, चतुर्थ अमर ज्योति डांस ग्रुप कचना और युगल डांस में प्रथम पवन हिना रायपुर, द्वितीय खुशबू एवं साथी, तृतीय देवर देवरानी डांस, चतुर्थ शुभम डांस मोहमल्ला रहे। एकल डांस में प्रथम वृंदा राधा पिथौरा, द्वितीय संगीता कोर्चे, तृतीय गुलिस्ता सहनीखार और चतुर्थ स्थान पर हिमानी साहू खम्हरिया ने बाजी मारी। कार्यक्रम में नव युवा समिति के अध्यक्ष राजू सिन्हा, उपाध्यक्ष जनक ध्रुव, कमलेश कश्यप, कोषाध्यक्ष शुभम ध्रुव, सचिव हितू ध्रुव, परस साहू, सहसचिव परमेश्वर नेताम, मिथिलेश ध्रुव, दिपांशु मानिकपुरी और सदस्यों एवं ग्रामवासियों का सहयोग रहा।

## उपकरणों, पानी की शुद्धिकरण प्रक्रिया और जल भंडारण व्यवस्था की जांच की

# गुणवत्ताहीन कार्य पर होगी सख्त कार्रवाई : प्रिया गोयल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ननि आयुक्त श्रीमती प्रिया गोयल ने महिमा सागर वार्ड स्थित वाटर फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया। इस दौरान प्लांट में मौजूद उपकरणों, पानी की शुद्धिकरण प्रक्रिया और जल भंडारण व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की। उन्होंने प्रत्येक कार्य को गंभीरता से परखा और यह सुनिश्चित किया कि जल शुद्धिकरण की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों से संवाद किया। आयुक्त ने कहा कि अच्छे कार्य करने वाले कर्मचारियों



● आयुक्त ने किया वाटर फिल्टर प्लांट का निरीक्षण

को प्रोत्साहन दिया जाएगा।

प्रिया गोयल ने 9 एमएलडी निर्माणाधीन फिल्टर प्लांट का विशेष रूप से निरीक्षण किया। यह प्लांट धमतरी की जल समस्याओं को स्थायी समाधान प्रदान करने की दृष्टि से बनाया जा रहा है। उन्होंने निर्माणाधीन कार्यों की गति और गुणवत्ता का मूल्यांकन किया और अधिकारियों को सिविल वर्क दिसंबर 2024 तक पूरा करने का स्पष्ट निर्देश दिया।

उन्होंने इस प्लांट के निर्माण में इस्तेमाल होने वाली सामग्रियों की गुणवत्ता की जांच की और ठेकेदारों को सख्त निर्देश दिए कि वे मानक स्तर का पालन करें। आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान इस बात पर जोर दिया कि जल आपूर्ति के हर चरण में उच्चतम गुणवत्ता बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से निरीक्षण करें और हर पहलू का ध्यान रखें। प्रिया गोयल ने कर्मचारियों और अधिकारियों के साथ खुलकर बातचीत की। उन्होंने उनकी समस्याएं सुनीं। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने न केवल मौजूदा कार्यों की समीक्षा की, बल्कि भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि प्रशासन का लक्ष्य है कि अगले कुछ वर्षों में धमतरी की जल आपूर्ति प्रणाली को प्रदेश में सबसे बेहतर बनाया जाए। आयुक्त ने अधिकारियों और ठेकेदारों को स्पष्ट चेतावनी दी कि कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता में गिरावट स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि गुणवत्ताहीन कार्य करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त पीसी सार्वा, कार्यपालन अभियंता महेंद्र जगत, स्वास्थ्य अधिकारी प्रकृति जगताप, उप अभियंता कमलेश ठाकुर, लोमस देवांगन, नमिता नागवंशी, टिकेंद्र साहू, ऐश्वर्या दीवान आदि मौजूद रहे।

## अंचल की खबरें

### बाल दिवस पर हुआ खेलकूद का आयोजन





**धमतरी।** सरस्वती शिशु मंदिर उमावि आमातालाब धमतरी में बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर छात्र टामेश साहू, ट्विंकल ग्वाल एवं श्रुति सिंह तथा डामेश्वरी दीदी, आचार्य सोनसाय साहू, गोपालराम साहू ने अतिथि के रुप में दीप प्रज्वलन किए। खेल मैदान में विभिन्न खेल का आयोजन हुआ जिसमें सभी छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन किरण होल्कर एवं दीपमाला ने किया।

### बाल दिवस पर छात्र दीपांशु बने शैडो प्रिंसिपल





**धमतरी।** सेजेस कंडेल में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की जन्म जयंती पर बाल दिवस का आयोजन किया गया। बच्चों द्वारा नृत्य, गीत, भाषण, कविता की प्रस्तुति दी गई। आनंद मेला का भी आयोजन हुआ। खास बात यह रही कि प्राचार्य राहुल नेताम ने दीपांशु यादव को शैडो प्रिंसिपल बनाया था। दीपांशु गत वर्ष कक्षा 10 वीं में 96.1 प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण हुए थे। पुरस्कार स्वरूप उन्हें एक दिन का शैडो प्रिंसिपल बनाया गया।

### गुरुद्वारे में मत्था टेककर समाज की समृद्धि व खुशहाली मांगी



**धमतरी।** गुरुनानक देव की 554 वीं जयंती पर अलसुबह से ही शहर के गुरुसिंग सभा, सिंधी समाज के आमापारा चौक स्थित चोइथराम दरबार सहित अनेक गुरुद्वारे में शबद कीर्तन के साथ सुमिरन तथा अरदास प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा, पार्षद विजय मोटवानी, पिंटू यादव, कुलेश सोनी, प्रकाश थारवानी ने गुरुद्वारे में मत्था टेककर समाज की सुख शांति, समृद्धि की प्रार्थना की।

### बच्चों को खीर-पूड़ी व चाकलेट बांटी



**धमतरी।** शासकीय प्राथमिक शाला सम्बलपुर में बाल दिवस मनाया गया। कक्षा तीसरी की छात्रा लावन्या और चंचल ने अंग्रेजी में भाषण दिया। छात्रा-छात्राओं के लिए कुर्सी दौड़, नड्डा दौड़, फुगड़ी का आयोजन हुआ। कक्षा पांचवीं के छात्रों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता हुई। बाल दिवस के अवसर पर स्कूल की प्रधानपाठिका श्रीमती झमित मेश्राम मेडम ने बच्चों को खीर-पूड़ी खिलाई। पूर्व प्रधानपाठिका श्रीमती ध्रुव ने चाकलेट बांटी। एसएमसी सदस्य श्रीमती मोतिम ठाकुर ने पेन प्रदान किया।

### अरौद डुबान में बाल दिवस पर हुआ न्योता भोजन



**धमतरी।** शासकीय प्राथमिक एवं उच्चतर प्राथमिक शाला अरौद डुबान में बाल दिवस मनाया गया, जिसमें फुग्गा फुलाओ-फुग्गा फोड़ो, सुई धागा, मेढ़क दौड़, बिंदी लगाओ जैसे विभिन्न खेल का आयोजन किया गया। न्योता भोजन में समोसा, मिक्चर और बिस्किट का वितरण किया गया। शिक्षकों द्वारा बच्चों को पेन वितरित किया गया। संकुल समन्वयक उत्तम कुमार गंगवीर ने पंडित जवाहर लाल नेहरू के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर बाल दिवस का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में शिक्षक भुवन प्रसाद सोरी, उत्तम कुमार जांगड़े, शिवशंकर तेता, उर्मिला ध्रुव एवं शशिकांत कौशिक का सहयोग रहा।

### सृजन इंग्लिश स्कूल में लगे व्यंजनों के स्टाल

**आमदी(धमतरी)।** सृजन इंग्लिश मीडियम स्कूल कंवर में बाल दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। बाल मेला का आयोजन किया गया जिसमें



बच्चों द्वारा अलग-अलग व्यंजनों का स्टाल लगाया गया। अतिथियों ने व्यंजनों का लुत्फ उठाया। बच्चों ने चित्रकला के साथ गीत, भाषण, नृत्य प्रस्तुत किया। स्कूल के प्राचार्य दुर्गेश साहू ने बच्चों को बाल दिवस के बारे में जानकारी दी गई। मौके पर स्कूल स्टाफ के साथ पालकगण मौजूद रहे।

## टीबी रोग एवं बालकों के अधिकार के प्रति ग्रामीणों को किया जागरूक



■ पिरामल फाउंडेशन ने परसट्ठी आंगनबाड़ी केंद्र में निक्षय दिवस कार्यक्रम आयोजित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

पिरामल फाउंडेशन द्वारा मगरलोड ब्लॉक के ग्राम परसट्ठी आंगनबाड़ी केंद्र में निक्षय दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गय। पिरामल के सदस्यों ने टीबी रोग के बारे में जानकारी दी साथ ही बालकों के अधिकारों के प्रति जागरूकता को लेकर ग्रामीणों को प्रेरित की। पिरामल फाउंडेशन की प्रतिनिधि सुषमा आदमने ने टीबी के लक्षणों, इसके उपचार, जांच के तरीकों और सरकारी योजनाओं पर जानकारी दी। टीबी के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विशेष रूप से निक्षय पोर्टल का उल्लेख किया गया, जिसमें टीबी मरीजों को वित्तीय सहायता और पोषण संबंधी सहायता दी जाती है। कार्यक्रम के दौरान टीबी के विभिन्न प्रकार, उनके लक्षणो, उपचार और टीबी के उन्मूलन के लिए चल रही सरकारी पहल एवं मानसिक स्वास्थ्य और कुपोषण पर भी विशेष जानकारी साझा की। इस दौरान ग्रामीण महिलाओं को बालकों के अधिकार को सुनिश्चित करने और उनकी भलाई के लिए भी इस कार्यक्रम में जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया। बच्चों को उनके बुनियादी अधिकार जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, संरक्षण और पोषण के बारे में बताया गया। बच्चों के कल्याण के लिए सभी को मिलकर काम करने की जरूरत है, ताकि हर बच्चा स्वस्थ और समृद्ध जीवन जी सके। 2025 तक राज्य से टीबी का उन्मूलन किया जाएगा। मौके पर महिला समहू सदस्य एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन समेत ग्रामीण मौजूद थे।

## कार्तिक पूर्णिमा पर हुई चित्रोत्पला की महाआरती

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

कार्तिक पूर्णिमा पर चित्रोत्पला महानदी के उद्गम स्थल सिहावा नगरी में गंगा आरती सेवा समिति द्वारा मां गंगा की आरती की गई।

■ विधायक अंबिका ने सामुदायिक भवन निर्माण की घोषणा की

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिहावा विधायक अंबिका मरकाम शामिल हुई। उन्होंने सामुदायिक भवन निर्माण की घोषणा की। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष भाजपा प्रकाश बैस ने की। विशेष अतिथि कर्णेश्वर महादेव ट्रस्ट के अध्यक्ष विकल गुप्ता, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष भानेद्र ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूषण साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नगरी महामंत्री सचिन भंसाली, अजोर सिंह निषाद, अनिरुद्ध साहू, पेमन स्वर्णबेर, प्रवीण ध्रुव ,किसन गजेंद्र, महेन्द्र पाण्डेय, छबि ठाकुर, योहेश साहू, मयक ध्रुव थे। इस दौरान विधायक ने कहा कि आज एक मंच पर दोनों दल के नेता उपस्थित है जो सौभाग्य की बात है। हम चाहते हैं कि दलगत राजनीति छोड़कर क्षेत्र के विकास के लिए काम करें। हम विधानसभा का विकास कार्य करेंगे तो क्षेत्र में एक अलग पहचान बनेगी। कार्यक्रम में गंगा आरती के समिति के अध्यक्ष पेमन पटेल व समिति सदस्यों का योगदान रहा।



## बच्चों ने अपनी दुकानों को स्वादिष्ट पकवानों से सजाया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



शास. प्राथ. शाला अर्जुनी में बाल दिवस पर बाल मेला का आयोजन किया गया। बच्चों के लिए कुर्सी दौड़, फुगड़ी, नड्डा दौड़, गोली चम्मच, सुई धागा स्पर्धा रखी गई। प्रथम एवं द्वितीय स्स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। बाल मेला में बच्चों ने अपनी दुकानों को स्वादिष्ट पकवानों से सजाया था। मौके पर शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष श्रीमती ज्योति ध्रुव, उपाध्यक्ष मनीष ध्रुव, पूजा खुंटे, कौशिल्या ध्रुव, श्रीमती तामेश्वरी सिन्हा, सरिता सिन्हा, रूपा सेन, गंगा सारथी, कामिनी विश्वकर्मा, द्रौपदी ध्रुव, जानकी सिन्हा, कंचन बाई मंडावी की सहभागिता रही।




शोक संदेश

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ा रहा है कि मेरे सुपुत्र
श्री ओमप्रकाश त्रिपाठी
(निरीक्षक) का स्वर्गवास दिनांक 09.11.2024 दिन मंगलवार को हो गया है। विधि के विधान के आगे हम सब नतमस्तक हैं।

स्व. श्री ओमप्रकाश त्रिपाठी

- कार्यक्रम -
दशाह संस्कार : 18.11.2024 दिन सोमवार
एकादशाह संस्कार : 19.11.2024 दिन मंगलवार
त्रयोदशाह संस्कार (तेरहवीं) एवं ब्राम्हण भोजन
दिनांक : 21.11.2024 दिन गुरुवार
स्थान : जल विहार कॉलोनी, गली नं. 8, सत्संग ब्यास के सामने, रूद्री, धमतरी (छ.ग.)

- विनीत -
पं. श्री शिवप्रसाद त्रिपाठी

जिन संबंधितों को आमंत्रण न मिला हो, कृपया इसे ही आमंत्रण समझें।


छात्र नेताओं ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

## पीजी कॉलेज के सभी वॉलरकूलर बंद

**धमतरी।** पीजी कॉलेज की समस्या को लेकर छात्र नेताओं ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। छात्र नेता मैकल साहू ने बताया कि पीजी कॉलेज धमतरी जिले का एकमात्र बड़ा कॉलेज है जहां हजारों विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। समस्या यह है कि महाविद्यालय के सभी वॉटरकूलर बंद है, जिससे विद्यार्थी निराश है। कॉलेज में पानी की समस्या रहती है। इस विषय पर पहले भी कई बार ज्ञापन दिया गया लेकिन कोई परिणाम निकला। छात्र हित को ध्यान में रखते हुए नए प्राचार्य से मुलाकात कर उन्हें समस्या बताई है। अगर 7 दिनों के अंदर सभी वॉलरकूलर चालू नहीं होता तो उग्र प्रदर्शन किया जायेगा। ज्ञापन देने के दौरान



छात्र नेता मनीष साहू, वैभव सोनकर, शुभम साहू, रागिनी, निशा, अनुराग कश्यप, चंदन कुमार, वैभवी सिंह, राकेश कुमार, राहुल सिन्हा मौजूद रहे।

## विजेता छात्रों को ताज पहनाकर किया सम्मानित



**धमतरी।** शामा शाला रावनगुड़ा में चाचा नेहरू की जयंती को बाल दिवस के रूप में मनाया गया। सुई धागा, एकटंगी दौड़, कुर्सी दौड़, मटका फोड़, 100 मीटर दौड़, रिलेरेस रखा गया। प्रथम एवं द्वितीय विजेताओं को पुरस्कार दिया गया। विजेता छात्रों को गोल्डन और सिल्वर ताज पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती अमृता ठाकुर सेनि प्रधानपाठिका थीं। अध्यक्षता केजूराम साहू एसएसमसी सदस्य ने की। विशिष्ट अतिथि कनक साहू, पूरण साहू थे। मुख्य अतिथि ठाकुर ने चाचा नेहरू के जीवन पर प्रकाश डाला। श्रीमती अमिता साहू ने न्योता भोजन का आयोजन किया।

## बच्चों ने खाद्य पदार्थों के स्टाल लगाकर व्यापार के गुण सीखे

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

जीनियस पब्लिक स्कूल में आनंद मेला का आयोजन किया गया था। बच्चों ने भेल, गुपचुप, दही बड़ा, कप केक, सैंडविच, बाम्बे मिठाई, बर्फ गोला, वेज पकौड़ा, मंचूरियन मैगी के स्टॉल लगाए थे। संस्था के प्राचार्य ने बताया कि इसका उद्देश्य बच्चों में स्वस्थ मनोरंजन के साथ स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के माध्यम से उनमें व्यापार के गुणों का विकास करना है। सर्वाधिक बिक्री में प्रथम और द्वितीय स्थान में आदित्य,गगन और शुभ का ग्रुप रहा।



कार्यक्रम का शुभारंभ गजेन्द्र कंचन ने किया। कार्यक्रम में राम प्रसाद तिवारी, नंदलाल प्रजापति, स्टेट बैंक के ब्रांच मैनेजर अभिषेक, एक्सिस बैंक के ब्रांच मैनेजर नीलकमल नाग, पंजाब नेशनल बैंक के ब्रांच मैनेजर ने इस आयोजन की प्रशंसा की। एचपी पेट्रोल पंप के संचालक अनिल वाधवानी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम के अतिथि अरुण सार्वा थे। कार्यक्रम में समिति के प्रबन्धक मोहन सोनी, एडमिनिस्ट्रेटर संतोष आग्लावे, एकेडमिक डायरेक्टर ऐश्वर्या सोनी, प्राचार्य नीलचन्द सिंग समेत अन्य मौजूद थे।


Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

Health Town

K'sagar's
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 YEARS OF TRUST | 130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

